मुहावरें, लोकोक्ति व कहावत - 1 से 3 प्रश्न

1. वाक्य में मुहावरे, लोकोक्ति, कहावत से सम्बन्धी अशुद्धियाँ।
2. वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति मुहावरें, लोकोक्ति व कहावत द्वारा।
3. मुहावरा, लोकोक्ति व कहावत देकर अर्थ/आशय/भाव पूछना।
4. अर्थ/आशय/भाव देकर सही मुहावरें/लोकोक्ति/कहावत पूछना

मुहावरा ⇒ विदेशी भाषा का शब्द

⇒ वाक्यांश होता है।

⇒ शब्द के सामान्य अर्थ का प्रयोग मुहावरें में नही होता है

⇒ मुहावरें में लक्षणा शब्द शक्ति का प्रयोग किया जाता है जिसके कारण मुहवरें का अर्थ सामान्य न होकर हमेशा विशेष अर्थ में होता है।

1 मोहन मूर्ख है – अभिधा शब्द शक्ति = सामान्य अर्थ

2 मोहन गधा है – लक्षणा शब्द शक्ति ⇒ विशेष अर्थ

(1) ग़रीब के पेट पर लात मत मारो।

(2) दीपक बुझ गया

आँखों का तारा ⇒ अत्यन्त प्यारा

क्र.सं.	मुहावरे	अर्थ
1	आँख खुलना	भ्रम दूर होना
2	आँख का काजल बनाकर रखना	अत्यंत प्रिय बनाकर करीब रखना
3	अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना	अपनी तारीफ खुद करना
4	आँख रखना	निगरानी रखना
5	अपनी खिचड़ी अलग पकाना या अढ़ाई चावल अलग पकाना	अन्य लोगों या समाज से अलग होकर चलना
6	अपना उल्लू सीधा करना	अपने स्वार्थ की सोचते रहना
7	अंधे के आगे रोना अपना दीदा खोना	निरर्थक प्रयास करना

अरण्य रोदना

8	अन्न-जल उठाना	निवास छूटना, मरना, स्वर्गवासी
9	अगर-मगर करना	बहाने बनाना, हुज्जत करना
10	अक्ल का अंधा	मूर्ख, पागल, कम बुद्धि, जड़ बुद्धि
11	अंधों में काना राजा	मूर्खों के बीच कुछ योग्य व्यक्ति
12	अंधे के हाथ बटेर लगना	अयोग्य के हाथ अनायास अच्छी वस्तु का लगना
13	अंधेरे में तीर चलाना	दिशाविहीन प्रयास करना
14	अंधे के आगे रोना	व्यर्थ प्रयत्न करना
15	अंधे की लाठी (लकड़ी)	एकमात्र सहारा

16	अंडा सेना	खाली बैठे रहना
17	अंजर-मंजर ढीला होना	शिथिल या लस्त हो जाना
18	अँगूठा दिखाना	समय पर धोखा देना
19	अंगारों पर लोटना	रोष या क्रोध करना, ईर्ष्या या डाह करना, बहुत कष्ट सहना
20	अंगारों पर पैर रखना ओखली में सिर देना	अपने को खतरे में डालना, जानबूझकर हानिकारक कार्य करना
21	अंग-अंग फूले न समाना	बहुत आनंदित होना
22	अँगूठा नचाना	चिढ़ाना

23	उड़ती चिड़ियाँ पहचानना	मन की बात समझ लेना
24	उँगली पकड़ते ही पहुँचा पकड़ना	थोड़ा-सा सहारा पाकर और अधिक पाने का प्रयास करना
25	ईद का चाँद होना	बहुत दिनों के बाद दिखना
26	ईंट से ईंट बजाना	युद्धात्मक विनाश लाना
27	ईंट का जवाब पत्थर से देना	कड़ा प्रतिकार करना
28	इशारे पर नचाना	संकेत पाते ही आज्ञा का पालन करना
29	आठ-आठ आँसू रोना	बहुत पश्चाताप करना
30	आसमान टूट पड़ना	सहसा विपत्ति आ जाना

31	आसमान पर दिमाग होना	अधिक घमण्ड करना
32	आसमान सिर पर उठाना	उत्पात मचाना, उपद्रव करना
33	आटे-दाल का भाव मालूम होना	दुनियादारी का बोध होना, हकीकत से रूबरू होना
34	आग बबूला होना	अत्यंत क्रोधित होना
35	आकाश-पाताल एक करना	बहुत परिश्रम करना
36	आँसू पीकर रह जाना	भीतर ही भीतर कुढ़ना/कुंठित होकर रह जाना
37	आँख लाल-पीली करना	अत्यधिक क्रोधित होना
38	आँख में धूल झोंकना	धोखा देना